भारत सरकार
भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय
भारी उद्योग विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5738
जिसका उत्तर मंगलवार, 28 अप्रैल, 2015 को दिया जाना है

रिचर्डसन एण्ड क्रूड्स लिमिटेड

5738. डॉ किरीट सोमैया:

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रिचर्डसन एण्ड क्रूड्स लिमिटेड की मुलुंड (मुम्बई) इकाई काफी लंबे समय से बंद है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) कामगारों को सांविधिक लाभों और अन्य बकायों के भुगतान की वर्तमान स्थिति क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार उक्त यूनिट की भूमि का प्रयोग करने के लिए कोई विशिष्ट योजना बनाने का है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री
(श्री जी. एम. सिद्धेश्वर)

(क) और (ख): जी, नहीं।

(ग): कामगारों को सांविधिक लाभों और अन्य बकायों का भुगतान कर दिया गया है।

(घ) और (ङ): उक्त यूनिट की भूमि का प्रयोग करने के लिए सरकार की कोई विशिष्ट योजना नहीं है।

*****